# वर्तमान परिस्थिति में सनातन की भूमिका पर किया चिंतन

**उज्जैन। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच भटकते समाज और युवा वर्ग को अपनी संस्कृति की ओर अग्रसर करने, भेदभाव दूर करने और सभी सनातनियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। राष्ट्रप्रेम को हृदय में जगाना सभी देशवासियों की जिम्मेदारी है।**



यह बात राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में कही। कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह यादव ने बताया कि श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान द्वारा वर्तमान स्थिति में सनातन की भूमिका' विषय पर आयोजित राष्ट्र चिंतन कार्यक्रम में कुलश्रेष्ठ ने 181 मिनट के उद्बोधन में सनातन धर्म के कई ऐसे पन्ने उजागर किए जो युवा पीढ़ी के सामने कभी नहीं लाए गए। उन्होंने रघुपति राघव राजा राम और वंदे मातरम का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने या साथ रखने के लिए इनके खास हिस्से हटाकर समाज के सामने अधूरा ज्ञान परोसा गया है। उन्होंने हटाई गई पंक्तियां भी श्रोताओं को सुनाई और तथ्यात्मक जानकारी समाज के सामने रखी।

संस्था अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि रविवार 22 फरवरी को शाम 7 बजे से प्रारंभ हुए इस सकल हिंदू समाज के कार्यक्रम में देशभर के कई शहरों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। आयोजन इतनी शालीनता से संपन्न हुआ मानो शहरवासियों को इसका कई वर्षों से इंतजार था। युवा वंश यादव ने कहा कि इस वक्तव्य से सकल हिंदू समाज में ऊर्जा का संचार होगा और युवा सनातन धर्म के हर तीज-त्यौहार पूरे रीति-रिवाज के साथ मनाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बालकृष्ण शर्मा थे, जिन्होंने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। शुरुआत में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अतिथियों को गोधन (गाय के गोबर से निर्मित) स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच संस्थाओं का सम्मान किया गया। इनमें संत सत्कार समिति, भारत विकास परिषद संदीपनी, हरिओम वृक्ष मित्र मंडल, हम हिंदुस्तानी और अनाज तिलहन व्यवसाय संघ शामिल हैं।

आयोजन में संरक्षक नारायण यादव, कार्यक्रम संयोजक हरि सिंह यादव, अध्यक्ष राजेश गर्ग, सचिव अक्षिता यादव, विधायक चिंतामणि मालवीय, पूर्व मंत्री पारस जैन, मुकेश लखवानी, राहुल नागवंशी, श्याम महेश्वरी, भगवान शर्मा, अक्षता यादव, अभिषेक गोयल, डॉ. सुशील खंडेलवाल, डॉ. राजेंद्र बंसल, जितेंद्र अक्षत, सुरेंद्र जोशी, राजेश पसारी, आनंद महेश्वरी, राजेंद्र यादव, सुरेश पोरवाल, अजय भातखंडे, दीपक राजवानी, ईश्वर पटेल, ओम गुप्ता और हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश गर्ग ने किया और कार्यक्रम में आभार मनोज गरवाल ने माना।



## महिदपुर सबजेल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में संतश्री का सम्मान कर लिया आशीर्वाद

**महिदपुर।** महिदपुर स्थित उपजेल में शुक्रवार से संत श्री अभिराम दासजी त्यागी महाराज के सान्निध्य में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को एडवोकेट संजय व्यास के नेतृत्व में कथा का श्रवण कर संतश्री का सम्मान किया। वहीं कथा के आयोजक उपजेल अधीक्षक मनोहर बारेकर का भी सुंदर आयोजन के लिये सम्मान किया। इस अवसर पर अरुण बुरड़, कैलाश राठी, दिनेश राठौर, रमेश राठी, बाबूलाल कुमावत, गिरीश शर्मा, जीतू परमार, मनीष चौहान, शिवराजसिंह आदि उपस्थित थे। इस दौरान संबोधित करते हुए संजय व्यास ने सभी कैदियों से संतश्री के प्रवचन को अपने जीवन में आत्मसात करने का अनुरोध किया। अरुण बुरड़ ने अपने संबोधन में जेल परिसर में इस सुंदर आयोजन के लिए जेल परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव मनाया गया। कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा उत्सव समिति के सदस्य, उपजेल के कैदी भाई उपस्थित रहे और कथा श्रवण किया। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा, समापन 26 फरवरी को होगा। उपजेल अधीक्षक मनोहर बारेकर ने बताया इस धार्मिक आयोजन को लेकर जेल परिसर में भक्ति एवं आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है।

## एक नजर में

### पत्रकार से गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देने पर प्रकरण



**महिदपुर।** गत दिवस गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इसके लिए पैदल यात्रा शुरू की गई। जो कि 1145 किलोमीटर तक होगी यह यात्रा। इस संबंध में एक समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसमें सरवनखेड़ा के महाराज संतोष त्रिवेदी ने पाकिस्तान बार्डर पर स्थित तनोड़ माता तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस समाचार में कांग्रेस नेता और समाजसेवी विजय सिंह गौतम का नाम लिखा गया था। जिसमें उन्हें कांग्रेस नेता लिखा गया था। तब इस प्रतिनिधि को निक्की परमार जो कि महिदपुर का निवासी है। उसने बौखलाहट में समाचार पत्र के प्रतिनिधि भोमलाल गोयल को गालियां देकर अपमानित किया गया और जान से मारने कि धमकी दी। इस संबंध में समाजसेवी और कांग्रेस नेता विजय सिंह गौतम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मेरा निक्की परमार से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं हैं। ऐसे लोग मेरी छवि खराब कर रहे हैं। इस पर पत्रकार भोमलाल गोयल ने महिदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई तो महिदपुर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। शीघ्र की निक्की परमार को पुलिस हिरासत में लेगी।

### उज्जैन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में शामिल होकर कराया विरोध दर्ज




**उज्जैन।** बामसेफ़ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति निरस्त किए जाने के विरोध में संगठन द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आंदोलन के चौथे चरण के तहत नागपुर स्थित संघ मुख्यालय पर एक विशाल महामोर्चा महारैली का आयोजन किया गया। इस महारैली में उजैन जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और विरोध प्रकट किया। इस आंदोलन में देशभर के मूलनिवासी बहुजन समाज से जुड़े सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, किसान एवं असंगठित कामगार संगठनों की व्यापक भागीदारी रही। आयुष्मति गंगा मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महारैली भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास पटेल के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित की गई। रैली के दौरान प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बामसेफ़ पिछले 50 वर्षों से हजारों प्रबोधन सम्मेलन आयोजित करता आ रहा है। वर्तमान में बामसेफ़ एवं राष्ट्रीय मूलनिवासी संघ का 42वां दो दिवसीय संयुक्त राष्ट्रीय अधिवेशन तथा भारत मुक्ति मोर्चा का 15वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 26 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक बाली यात्रा लोअर ग्राउंड, कटक (ओडिशा) में आयोजित होना था। अधिवेशन के प्रमुख विषय ओबीसी की जाति आधारित जनगणना कराना तथा ईवीएम हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराना थे। इस आयोजन के लिए कटक महानगर पुलिस प्रशासन एवं संबंधित सभी विभागों से दो माह पूर्व ही विधिवत अनुमति प्राप्त कर ली गई थी। देश के 725 जिलों सहित विदेशों से आने वाले लाखों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के ठहरने एवं भोजन की पांच दिवसीय समुचित व्यवस्थाएं भी की जा चुकी थीं। इसके बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण एवं कथित षड्यंत्र के तहत अधिवेशन की अनुमति निरस्त कर दी गई, जिससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण सभा की स्वतंत्रता, संगठन बनाने का अधिकार एवं समानता के अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है। संगठन ने विरोध दर्ज कराते हुए सरकार से मांग की है कि शीघ्र सभी मांगों को पूरा किया जाए तथा अधिवेशन रद्द होने से हुए आर्थिक एवं प्रशासनिक नुकसान की भरपाई की जाए।

### नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोग लाभांवित




**उज्जैन।** शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित आचार्य विद्यासागर अतिथि भवन में स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर आचार्य पूज्य पाद स्वामी चिकित्सालय एवं परामर्श केंद्र, सामाजिक संसद दिगंबर जैन समाज, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर तथा जैन इंजीनियर्स सोसाइटी (उज्जैन चैप्टर) के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग (जिला उज्जैन) के आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इसके अलावा, जिला चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों ने दांत, आंख और सामान्य बीमारियों की जांच की। रोगियों की नि :शुल्क पैथोलॉजी जांचें की गईं और उन्हें आवश्यक औषधियों का नि :शुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के विषय में इंजीनियर मनीष जैन और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जनमानस को समय रहते अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इससे किसी भी बीमारी का प्रारंभिक स्तर पर ही पता चल सकता है और समय पर उचित उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नियमित जांच से गंभीर बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है, इसी लक्ष्य के साथ ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते हैं। आयोजकों ने शिविर को सफल बनाने वाले सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्वयंसेवकों का आभार माना और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।



## श्री तिलकेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार, शिखर कलश स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर अनुष्ठान

महिदपुर। पुलिस आवासीय परिसर (कॉलोनी) स्थित विराजित प्राचीन श्री तिलकेश्वर महादेव मंदिर पर गत वर्ष मंदिर जीर्णोद्धार शिखर एवं कलश स्थापना का आयोजन संपन्न हुआ था। सोमवार को प्रथम वर्षगांठ आयोजन को लेकर पूर्व थाना प्रभारी राजवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि 23 फरवरी 2026 को जीर्णोद्धार की प्रथम वर्षगांठ पर मंदिर परिसर में 22 फरवरी को एकदिवसीय श्री रामायण पाठ की स्थापना कर 23 फरवरी को रामायण पाठ की पूर्णाहुति, यज्ञ नारायण पूजन पूर्णाहुति, महा आरती के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में हवन पूजन में राजवीरसिंह गुर्जर, अजीतसिंह गुर्जर, राम प्रकाशसिंह गुर्जर, बालकृष्ण सभी ने सपत्नीक पूजन किया। कार्यक्रम में नगर की छात्रावास में निवास रत छात्राएं, नगर के समस्त मंदिरों के पुजारीगण, गणमान्य जन, पत्रकार, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि गण आदि ने धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। साथ ही आयोजन के प्रमुख राजवीर सिंह गुर्जर का पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया। जानकारी अर्जुनसिंह ठाकुर ने दी।

## छात्राओं ने किया आईआईटी इंदौर का भ्रमण

**घट्टिया। विज्ञान ज्योति कार्यक्रम अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, घट्टिया, सांदीपनि शासकीय विद्यालय घट्टिया, शासकीय मॉडल स्कूल घट्टिया की चयनित 48 छात्राओं एवं रायगढ़ महाराष्ट्र से आए माइग्रेशन के 22 विद्यार्थियों ने आईआईटी संस्थान इंदौर का शैक्षणिक भ्रमण किया।**




इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं को आईआईटी इंदौर की विभिन्न आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराते हुए उन्हें विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध कार्यों, संस्थान की प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक वातावरण तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को छोटे-छोटे समूहों में विभाजित कर प्रयोगात्मक गतिविधियों में सम्मिलित किया गया। आईआईटी इंदौर के प्राध्यापकों एवं वैज्ञानिकों द्वारा छात्राओं को महिला वैज्ञानिकों के योगदान, स्वास्थ्य जागरूकता, कंप्यूटर प्रोग्रामिंग तथा विज्ञान के सामाजिक उपयोग पर प्रेरक व्याख्यान दिए गए। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए। यह शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम से छात्राओं में उच्च शिक्षा, विशेषकर विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। भ्रमण पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य किरण म्हस्के के मार्गदर्शन में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम प्रभारी धीरप कुमार शर्मा की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## बीएमएस का उज्जैन सहित प्रदेशभर में जोरदार प्रदर्शन कल

**उज्जैन।** आगामी 25 फरवरी को उजैन सहित पूरे मध्य प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश भर के ड्राइवरों के लिए कल्याण बोर्ड बनाए जाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई जाएगी। इस बड़े प्रदर्शन की रूपरेखा 22 फरवरी को शिवपुरी में आयोजित भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ (बीपीटीएमएम) की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में तय की गई। उज्जैन के स्थानीय ई-रिक्शा और ट्रांसपोर्ट चालकों पर भी इस निर्णय का सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके चलते 25 तारीख के प्रदर्शन में जिले से भारी भागीदारी की उम्मीद है।

शिवपुरी में आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री हरि सिंह रघुवंशी ने किया। बैठक में बीपीटीएमएम के प्रदेश प्रभारी व बीएमएस के प्रदेश मंत्री राजन नायर, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष गीता सोनी और अखिल भारतीय मंत्री युवराज सिंह राणावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इनके अलावा बीएमएस के विभाग प्रमुख फतेह सिंह गुर्जर सहित बीपीटीएमएम और बीएमएस के कई अन्य प्रांतीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस प्रांतीय बैठक में उजैन सहित विभिन्न जिलों की यूनियनों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। विशेष रूप से असंगठित ई-रिक्शा चालक-परिचालक संघ के संरक्षक लक्ष्मीनारायण रजक, जिलाध्यक्ष विजय जैन, जिला महामंत्री अशोक गोमे और संजय सिंह चौहान सहित कई जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्षों ने इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और ड्राइवर कल्याण बोर्ड की मांग का पुरजोर समर्थन किया।

## प्रिजर्व बिफोर यू रिमूव : दांत बचाना ही आधुनिक दंत चिकित्सा का मुख्य लक्ष्य

- वाइटल पल्प थेरेपी पर हुआ मंथन, जुटे शहर के प्रमुख डॉक्टर

**उज्जैन। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) द्वारा शहर में निरंतर दंत शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। डॉ. निहित सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस वैज्ञानिक सत्र का मुख्य विषय वाइटल पल्प थेरेपी-प्रिज़र्व बिफोर यू रिमूव (निकालने से पहले संरक्षित करें) रहा, जिसमें प्राकृतिक दांतों को बचाने और उनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. अनुज भारद्वाज ने अपने व्याख्यान में बताया कि आधुनिक दंत चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य अब दांतों को निकालना नहीं, बल्कि उन्हें यथासंभव सुरक्षित रखना है। उन्होंने वाइटल पल्प थेरेपी की नवीनतम तकनीकों, उपचार की सटीक प्रक्रियाओं और अपने क्लिनिकल अनुभवों को साझा किया। डॉ. भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि यदि सही निदान और समय पर हस्तक्षेप किया जाए, तो प्राकृतिक दांतों को लंबे समय तक संरक्षित किया जा सकता है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा डॉ. अपूर्व धारीवाल ने प्रस्तुत की तथा उपस्थित अतिथियों का विधिवत स्वागत किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंकित बाबर ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों व चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। डॉ. शुभम करोड़े ने इस सत्र को चिकित्सकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे अकादमिक आयोजनों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

**एक नजर** | प्रज्ञा प्रवाह मालवा प्रांत और विक्रमादित्य विवि का आयोजन, प्रख्यात वक्ता आशीष भारतवंशी ने युवाओं को सुनाए प्रेरक प्रसंग

## युवा संवाद में गूंजे छत्रपति शिवाजी के स्वराज्य स्वाभिमान और राष्ट्रचेतना के स्वर

**उज्जैन। प्रज्ञा प्रवाह मालवा प्रांत के युवा आयाम और सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं स्वराय विषय पर एक युवा संवाद का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को स्वराय, स्वाभिमान और राष्ट्रचेतना का संदेश दिया गया।**




कार्यक्रम में नागपुर से आए प्रख्यात यूट्यूबर और इतिहास शोधार्थी आशीष भारतवंशी ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों को जीवंत कर दिया। उन्होंने अफजल खान वध का वर्णन करते हुए इसे मात्र युद्धकौशल नहीं, बल्कि रणनीतिक दूरदर्शिता और आत्मरक्षा का अद्वितीय उदाहरण बताया। प्रतापगढ़ किले के युद्ध और स्वराज्य रक्षा के संघर्ष को समझाते हुए उन्होंने बाजी प्रभु देशपांडे के बलिदान का प्रेरक प्रसंग सुनाया, जिसने उपस्थित युवाओं को भाव-विभोर कर दिया।

भारतवंशी ने शिवाजी महाराज के रायाभिषेक को हिंदवी स्वराय की आधिकारिक स्थापना का गौरवपूर्ण क्षण बताया। साथ ही, उन्होंने गनिमी कावा (छापामार युद्ध पद्धति) का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद रणनीति और भूगोल की समझ से शिवाजी ने विशाल साम्राज्यवादी शक्तियों को चुनौती दी थी।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रनिर्माण में शिवाजी के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी रणनीतिकार और जनकल्याणकारी शासक थे। उनकी प्रशासनिक संरचना, समुद्री शक्ति का विकास और न्यायप्रिय नीति आज भी एक बड़ा प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में वाग्देवी विचार मंच न्यास के अध्यक्ष सुप्रभात चौकसे, मालवा प्रांत सहसंयोजक मुकेश गुप्ता और महिला आयाम प्रमुख समीक्षा नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस संवाद में शहर के गणमान्य नागरिक, प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्रों सहित कुल 250 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मालवा प्रांत के युवा आयाम प्रमुख और हाईकोर्ट एडवोकेट आदेश शिंदे ने किया। अंत में मालवा प्रांत संयोजक प्रो. दीनदयाल बेदिया ने अतिथियों, उपस्थितजनों और मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया।